## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण आज

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ई.व्ही .एम. एवं व्हीपव्ही पैट के जिला स्तगरीय वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण 5 मई को दोपहर 2 बजे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जागीर सिंह भट्टी एवं आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर को निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### रुपनाथ धाम में शीतल पेयजल की सुविधा

**कटनी।** नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बम्होरी सेक्टर बचैया क्रमांक 3 के द्वारा रुपनाथ धाम में नरेंद्र सैनी सरपंच, ग्राम पंचायत तमुरिया के द्वारा पेयजल प्याऊ का उद्घाटन किया गया। सरपंच ने कहा कि यह एक नेक काम है जिससे अब राहगीरों को शीतल पेय जल की उपलब्धता से कंठ तर हो सकेंगे और पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उद्घाटन के समय ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह, समिति से अवधेश बैरागी मेंटर, महा सिंह टेकाम सरपंच ग्राम पंचायत ककरेहटा, सरजू सेन नवांकुर संस्था बड़खेरा, आशीष कुमार तिवारी मेंटर, विनोद सिंह सैयाम मेंटर, राजेश पटेल, लल्लू कुशवाहा, यथार्थ बैरागी, ललित कुमार, मनोज रैदास, राम सिंह पटेल मेंटर और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

### पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को मिलेगी खेलवृत्ति

**कटनी।** 1 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे पदक जीतने वाले जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाडी को दस हजार, रजत पदक विजेता खिलाडी को आठ हजार तथा कांस्य पदक विजेता खिलाडी को छः हजार रूपये की राशि प्रदान की जाएगी । वर्ष 2024 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई तक स्वीकार किए जाएंगे। खेलवृत्ति हेतु आवेदन संबंधित जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात आवेदन पर कोई विचार नही किया जाएगा। खेलवृत्ति हेतु निर्धारित दिशा-निर्देश एवं नियमावली वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### साफ-सफाई रखने लोगों को दिलाई शपथ



**कटनी।** बड़वारा विकासखंड के अमराडाढ, चपहनी और सलैया गांव में दीवार लेखन कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखण्ड बड़वारा के ग्राम पंचायत पनसोखर अंतर्गत लुहरवारा गांव के इंदिरा तालाब में साफ-सफाई कर ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई। मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में समिति कार्यकर्ता रामसखा पाल और अजीत सिंह द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच अरविंद साहू, सचिव विनय सोलंकी, रोजगार सहायक उत्तम सिंह एवं समस्त ग्रामवासी की मदद से बताया गया कि पानी एक अनमोल संपदा है, इसे हम सब मिलकर बचाए। जल को संरक्षित करना हमारा परम कर्तव्य है दीवार लेखन कर जल संरक्षण का संदेश भादावर पंचायत के अमराडाढ गांव में और पठरा पंचायत के चपहनी गांव में एवं सलैया ठूठिया पंचायत के सलैया गांव में दीवार लेखन कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। दीवार लेखन कार्य में फागू लाल केवट, ओमप्रकाश यादव, रघुवीर सिंह का सहयोग रहा।।

## अधिकारियों की उदासीनता एवं बेपरवाही का उठा रहे फायदा, घटना के बाद खुलती है नींद

# शहरी से लेकर ग्रामीण अंचलों में अनाधिकृत डॉक्टर चला रहे क्लीनिक, इलाज के नाम पर लगा रहे चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र हर जगह अनाधिकृत डाक्टर अपनी दुकानें खोल के बैठे हैं। इलाज के नाम पर मरीजों को लूटा जा रहा है। कोई मामला सामने आने के बाद ही सरकारी अधिकारियों की नींद खुलती है वरना सब कुछ मनमाने तरीके से चलता रहता है। बरही क्षेत्र में अनाधिकृत डाक्टर पर कार्यवाही की गई है। इससे पहले भी बरही क्षेत्र में झोलाछाप डाक्टरों पर कार्यवाही की चुकी है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नीम हकीमों व झोलाछाप चिकित्सकों की बाढ़ आई हुई है। कार्रवाई के अभाव में झोलाछाप डाक्टरों की बल्ले-बल्ले हो रही है। क्षेत्र में खुले आम दुकानें खोलकर लोगों का उपचार कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन गंभीर नहीं होने के कारण नीम हकीम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

शहर सहित तहसील क्षेत्रों में झोलाछाप बगैर डिग्री डिप्लोमा के स्वयं को चिकित्सक बताकर मरीजों का उपचार कर रहे हैं। झोलाछाप बकायदे क्लीनिक



खोलकर मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हैं, कईयों ने मेडिकल दुकान भी खोल रखी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की अनदेखी व सरपरस्ती में झोलाछाप डाक्टर मोटी कमाई कर रहे हैं। जिनको स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श देने की ही शासन ने छूट दी है वे बाकायदा दवाखाना खोलकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं और भर्ती भी करते हैं।

अभी हाल ही में बरन मोहगवां में फर्जी डॉक्टर राकेश गिरी पर स्वास्थ्य विभाग के जिला अधिकारियों ने कार्यवाही की है और डिस्पेंसरी को सील किया है। बीते दिनों जनसुनवाई में कलेक्टर से लिखित शिकायत में महिला मुन्नी बाई ने आरोप लगाया था कि राकेश गिरी द्वारा बिना डिग्री के मरीजों का उपचार किया जा रहा है। वह पेट दर्द से परेशान थी डाक्टर ने इलाज के नाम पर 6 हजार रूपए भी लिये लेकिन उसे आराम नहीं मिला। कलेक्टर के आदेश पर मामले की जांच कराई गई। जांच के बाद क्लीनिक को सील कर दिया गया तथा मामला दर्ज किया गया। सवाल यह उठता है कि झोलाछाप डॉक्टर आखिरी किसके संरक्षण में अपनी दुकानें खोलकर मरीजों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं कस्बों में भी बिना डिग्री के नीम हकीम लोगों का उपचार कर रहे हैं। इन लोगों ने जगह-जगह अपनी दुकानें खोल रखी हैं तथा खुलेआम लोगों का उपचार करते हैं, लेकिन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने के कारण ये दुकानें खोलकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। क्षेत्र में जहां जगह जगह झोलाछाप अपने क्लिनिक डाल रखें है जहां बेरोक टोक लोगों का उपचार कर रहे है बताया जाता है कि कई नीम हकीम तो ऐसे है जिन्होंने कुछ दिन किसी के यहां काम किया और उसके बाद खुद का क्लिनिक खोलकर इलाज करना शुरु कर दिया है।

झोलाछापों के क्लीनिकों में जाकर कई लोग शिकार हो चुके है तथा कई हादसे घटित हो चुके है लेकिन प्रशासन द्वारा इनके खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई नहीं करने से क्षेत्र में इनक धंधा फल फूल रहा हैं और लोगों से इलाज के नाम पर ठगी कर रहे हैं। ग्रामीण क्षैत्रों में तो नीम हकीम की इलाज के नाम पर चांदी हो रही है। जहां एक ग्लूकोस की बोतल लगाने के नाम पर ही ग्रामीणों से मोटी रकम ऐंठ लेते हैं।

किसी गंभीर घटना के बाद प्रशासन सख्ती करता है उसके बाद इनके कार्यवाही नही होने से बैकोफ हो जाते है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा इनके खिलाफ कार्यवाही नही होने के कारण गांव गांव में यह दुकानें खोलकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे है। क्षेत्र में जहां जगह जगह इन नीम हकीमों ने अपने क्लिनिक डाल रखें है जहां बेरोक टोक लोगों का उपचार कर रहे है।

इनदिनों तेज गर्मी के साथ ही क्षेत्र में मौसमी बीमारियों ने दस्तक शुरु हो गई है तथा लू, तापघात मौसमी बीमारियों के रोगियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इसके चलते मरीजों की काफी संख्या नजर रही है। इस स्थिति में दिनोंदिन नीम हकीमों की भी चांदी हो रही है। ऐसी स्थिति में क्षेत्र में मौसमी बीमारियां तेजी से बढ़ रही है और नीम हकीमों पर कार्रवाई नहीं होने के कारण लोगों का खुलेआम उपचार कर रहे हैं।

गांवों में जाकर दुकाने खोल ली क्षेत्र में इन नीम हकीमों के पास डिग्री डिप्लोमा लेकिन फिर भी ग्रामीणों की नजर में डॉक्टर साहब बने हुए है और ग्रामीणों का उपचार कर रहे है। लेकिन प्रशासन चिकित्सा विभाग के अधिकारी भी गांवों में पहुंचते है तो इनकी जांच करने की जगह अनदेखी कर जाते है जबकि चिकित्सा विभाग को इन नीम हकीमों की जानकारी है लेकिन इन पर कार्रवाई करने पर दूर नजर आते है जिसके चलते ग्रामीणों को नीम हकीमों से उपचार कराने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

### लापता बालिका को गुना से दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

बड़वारा। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय उमराव सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बड़वारा के. के. पटेल द्वारा टीम गठित कर गुमशुदा बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु मुस्कान अभियान के तहत गुमशुदा बालिका को दस्तयाब कर उसके परिजन को सुपुर्द किया गया । दिनांक 17/03/2025 को सूचनाकर्ता ने थाना में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई थी की 13/03/2025 को उसकी छोटी बहन 17 वर्ष बगैर बताए घर से चली गई है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर बालिका की तलाश पतासाजी हेतु आर0एम0 कराया गया तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बालिका की तलाश हेतु टीम गठित कर जिला-गुना भेजी गई जहां से गुमशुदा बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार पटेल, सउनि बिक्रम सिंह, प्र0आर0 नितिन जायसवाल एवं साइबर सेल से ,प्रशांत ,आर0 अजय अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## कलेक्टर ने समय सीमा मे कार्यवाही कराने दिए निर्देश

# आरटीई के तहत निजी स्कूलों में ऑन लाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जायेगी। इसके लिये कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का राज्य शासन द्वारा घोषित टाइम टेबल के अनुसार शिक्षण सत्र 2025-26 में 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिये है।

जारी कैलेण्डर के अनुसार 5 मई को निःशुल्क प्रवेश के लिये मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल




पर प्रदर्शन कराया जायेगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि-सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जायेगा। आवेदन के बाद सत्यापन का कार्य शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र में 7 मई से 23 मई तक होगा। रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 29 मई तक दी जायेगी। आवंटन के बाद अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिये उपस्थिति और स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग का कार्य 2 से 10 जून तक किया जायेगा।

आवेदक अपने ग्राम, वार्ड तथा विस्तारित पड़ोस के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिये आवेदन दर्ज करा सकेंगे। निर्धारित सत्यापन केन्द्र (शासकीय जन-शिक्षा केन्द्र) में मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है। प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी एजुकेशन पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गयी है। इससे जुड़ी जानकारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

### प्रवेश हेतु तय आयु

प्रवेश प्रक्रिया में कक्षावार निर्धारित आयु की भी जानकारी दी गयी है। नर्सरी में न्यूनतम आयु 3 वर्ष एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह, के.जी.-1 में न्यूनतम आयु 4 वर्ष एवं अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह, के.जी.-2 में न्यूनतम आयु 5 वर्ष एवं अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माह, कक्षा-1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह निर्धारित की गयी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने तय समय-सीमा में प्रक्रिया पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं।

## बायपास एवं हाईवे में पुलिस ने चलाया जांच अभियान



नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माधव नगर अभिषेक चौबे एवं पुलिस चौकी झिंझरी प्रभारी प्रियंका राजपूत के नेतृत्व में पीरबाबा बाईपास से पड़ुआ तक हाइवे रोड पेट्रोलिंग एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हाइवे मे हो रही दुर्घटनाओं को रोकना, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना, एवं संदिग्ध वाहनों की निगरानी करना था। पुलिस टीम ने सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े ट्रकों को हटवाया और चालकों को सड़क किनारे सही तरीके से पार्किंग करने की हिदायत दी। इस दौरान पुलिस ने 60 से अधिक वाहनों की जांच की, तथा असुरक्षित तथा खतरनाक ढंग से खड़े 25 वाहनों के चालान काटे गए और 11700 का जुर्माना वसूला गया। पुलिस के द्वारा ट्रक चालकों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क पर किसी भी प्रकार की बाधा न उत्पन्न करें साथ ही, अव्यवस्थित पार्किंग से बचने और दूसरों की सुविधा का ध्यान रखने का आग्रह किया।

## जनपद पंचायत बहोरीबंद अव्वल, नगर निगम अंतिम पायदान पर

# कलेक्टर ने कहा समग्र ई-केवायसी कार्य में तेजी लाने घर-घर जायें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने समग्र ई-केवायसी अभियान के तहत आधार के लिंकिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंईने समग्र ई-केवायसी कार्य में प्रगति लाने घर-घर जाकर ई-केवायसी कराने की हिदायत दी है। कलेक्टर श्री यादव ने नगर निगम कटनी के समग्र ई-केवायसी कार्य में कमजोर प्रगति पर नाराजगी व्यमक्ती करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश निगमायुक्ती नीलेश दुबे को दिए हैं।

### बहोरीबंद अव्वल

समग्र ई-केवायसी करने के मामले में जनपद पंचायत बहोरीबंद जिले में अव्वरल है। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 28 हजार 419 लोगों का समग्र ई-केवायसी सत्याबपित हो सका है। जो लक्ष्यद का मात्र 34.89 फीसदी है।

### जनपद कटनी दूसरे तो नप विगढ़ तीसरे स्थान पर

जनपद पंचायत बहोरीबंद ने अबतक लक्ष्य का 74.62 फीसदी समग्र ई-केवायसी कर प्रथम स्थांन पर है। जबकि 70.22 फीसदी प्रगति जनपद पंचायत कटनी दूसरे स्थान पर और नगर परिषद विजयराघवगढ़ ने समग्र ई-केवायसी के आधार से लिंक करने के कार्य में लक्ष्यव के विरूद्ध 69.26 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा ने 67.55 और जनपद पंचायत रीठी ने 67.53 फीसदी प्रगति के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर है।

जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ ने 66.84 प्रतिशत तथा नगर परिषद बरही ने 62.31 प्रतिशत एवं जनपद पंचायत बड़वारा ने 62.09 फीसदी प्रगति हासिल की है। जबकि नगर परिषद कैमोर ने समग्र ई-केवायसी को आधार से जोड़ने के कार्य में लक्ष्यन का 50.19 प्रतिशत प्रगति हासिल की है।

## उपार्जन में बहोरीबंद अव्वल, किसानों को 49 करोड़ का भुगतान

# 15 हजार 743 किसानों से 1 लाख 2 हजार 344 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 85 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 15 हजार 743 किसानों से 1 लाख 2 हजार 344 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। किसान भाइयों को अब तक 48.84 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने अधिकारियों को उपार्जित गेहूं का किसानों को त्वरित भुगतान किया जाना सुनिश्चित करने की हिदायत दी है।

### बहोरीबंद तहसील अव्वल

गेहूँ खरीदी के मामले में बहोरीबंद तहसील अग्रणी है। यहां



अब तक 3666 कृषकों से 24 हजार 354 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया है। गेहूँ उपार्जन के मामले में ढीमरखेड़ा तहसील दूसरे स्थान पर है। जहां 3873 किसानों से 23 हजार 303 मीट्रिक टन गेहूँ खरीदा गया है। वहीं तीसरे स्थान पर जिले की विजयराघवगढ़ तहसील है। जहां 2092 किसानों ने 14 हजार 905 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है।

इसी प्रकार स्लीमनाबाद तहसील गेहूँ खरीदी के मामले में जिले में चौथे स्थान पर है। जहां 1574 किसानों ने 11 हजार 553 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा रीठी तहसील जिले में पांचवे स्थान पर है। जहां के 1390 किसानों ने 8 हजार 441 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है।

जबकि बरही तहसील छठवें पायदान पर है। जहां अब 1197 किसानों ने 6 हजार 892 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। वहीं कटनी ग्रामीण एवं कटनी नगर संयुक्ते रूप से सातवें स्था न पर हैं। जहां अब तक 891 किसानों ने 6 हजार 616 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। जबकि बड़वारा तहसील के 1060 किसानों ने 6 हजार 281 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। इस प्रकार बड़वारा गेहूँ उपार्जन के मामले में जिले में अंतिम पायदान पर है।

## दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने शुरू की गई कामधेनू योजना

# पहले से ही दूध सप्लाई करने वाले को मिलेगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य सरकार ने पशुपालकों को सशक्त बनाने और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत 25 दुधारू पशुओं की इकाइयों की स्थापना की जाएगी, जिसमें एक इकाई की लागत अधिकतम 42 लाख रुपए होगी। योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को मध्यप्रदेश का निवासी होना आवश्यक है। डेयरी फार्मिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

राज्य शासन ने अंबेडकर जयंती से पशुपालकों को सशक्त बनाने और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की सौगात दी है। देश में दूध, दुग्ध उत्पादों की बढ़ती मांग, उनकी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री उद्यमिता विकास कार्यक्रम की स्थापना होनी है। एक इकाई में सारे गौवंश या सारे भैंसवंश होंगे। एक इकाई की सारी गाय-भैंस एक ही प्रजाति की होंगी।

योजना सभी वर्गों के पशुपालकों के लिए - यह योजना सभी वर्गों के पशुपालकों के लिए होगी। इसमें पशुपालक की उम्र 21 साल से ऊपर होना जरूरी है। उन्हें अनुभव के लिए सरकारी या सरकार द्वारा नामित संस्था से डेयरी फार्मिंग का प्रशिक्षण भी लेना होगा। इस प्रशिक्षण के लिए सरकार अलग से निर्देश जारी करेगी। इस योजना के हितग्राहियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हितग्राही के पास हर इकाई के लिए कम के सम 3.50 एकड़ कृषि भूमि होनी जरूरी है। इस भूमि में परिवार की सामूहिक जमीन का भी उपयोग किया जा सकता है। लेकिन, इसके लिए अन्य सदस्यों की सहमति आवश्यक होगी ।

इस योजना में वर्तमान में दुग्ध संघों में पहले से ही दूध सप्लाई कर रहे पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाएगी। दुग्ध संघ प्रोड्युसर कंपनी के प्रचलित मिल्क रूट या नए मिल्क रूट पर आने वाले हितग्राहियों को प्राथमिकता देंगे। एक हितग्राही को एक या एक से अधिक (अधिकतम आठ इकाइयों, 200 दुधारू पशु) लेने की पात्रता होगी। एक से अधिक इकाइयों लेने की स्थिति में उन्नत गाय, संकर गाय या भैंस की इकाई अपनी सुविधा के अनुसार चयन कर सकेगा, अर्थात अगर हितग्राही तीन इकाइयां लेता है, तो वह अपनी इच्छा के अनुसार एक भैंस की इकाई, एक संकर गाय की इकाई तथा एक उन्नत देशी गौवंश की इकाई भी ले सकेगा। अगर हितग्राही द्वारा एक बार योजना का लाभ लेकर सभी ऋण चुका दिया जाता है तो वह अगली बार योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होगा। यह सुविधा अधिकतम आठ इकाइयों तक दी जा सकेगी। एक ऋण व दूसरे ऋण के बीच में कम से कम 2 वर्ष का अंतर जरूरी है।

# पंचायतों में विकास कार्यों के लिए 31 लाख रूपए की मिली प्रशासकीय मंजूरी

## जिला पंचायत सीईओ ने 10 निर्माण कार्यों के लिए जारी की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने 15वें वित्त आयोग मद से जिले के 2 विकासखंडों में 10 निर्माण कार्य पूर्ण कराने 31 लाख 30 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इन सभी कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायतों को बनाया गया है।

जारी प्रशासकीय स्वीकृति के मुताबिक विकासखंड कटनी में नाली निर्माण के लिए ग्राम पंचायत मड़ई , ग्राम पंचायत कूड़ो, ग्राम पंचायत मझगवां फाटक, ग्राम पंचायत जोबीकला में क्रमशः 3 लाख, 3 लाख, 2.50 लाख, 2.50 लाख रुपये स्वीयकृत किया गया है। जबकि विकासखंड ढीमरखेड़ा में नाली निर्माण के लिए ग्राम पंचायत बरहटा, ग्राम पंचायत खम्हरिया बागरी, ग्राम पंचायत कछारगांव छोटा, ग्राम पंचायत भूला , ग्राम पंचायत सरसवाही व ग्राम पंचायत देवरी बिछिया में क्रमशः 3 लाख, 3 लाख, 5.50 लाख, 4 लाख, 2 लाख व 3 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने प्रशासकीय स्वीकृति आदेश में कहा है कि प्रथम किश्त के रूप में प्रदाय राशि का उपयोग कर लिये जाने पर द्वितीय किश्त के मांग पत्र के साथ कार्यस्थल के 4 फोटोग्राफ्स एवं क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा माप पुस्तिका की अभिप्रमाणित छायाप्रति, प्रशासकीय स्वीकृति आदेश की छायाप्रति तथा उपयोगिता प्रमाणपत्र जो कि उपयंत्री, सहायक यंत्री, सरपंच एवं सचिव द्वारा प्रमाणित हो, प्रस्तुत करने पर द्वितीय किश्त जारी होगी। इसके अलावा प्रशासकीय स्वीकृति की राशि से अधिक व्यय किसी भी दशा में मान्य नहीं किया जायेगा तथा अतिरिक्त राशि आवंटित नहीं की जायेगी। क्रियान्वयन एजेंसी का उत्तरदायित्व होगा कि स्वीकृत कार्य पूर्ण कराकर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्रेषित करें।

## खबर संक्षेप

### मां व बेटी की मौत के मामले में मामला दर्ज

**कटनी।** मां एवं बेटी की मौत के मामले में जांच उपरांत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत पथरहटा में 7 मार्च को हुई घटना में मायके जाने को न मिलने पर नाराज मां सुमित्रा कोल 25 ने आत्मघाती कदम उठाते हुए अपनी मासूम बेटी कैरब 2 के साथ फांसी पर लटकी मिली थी। पुलिस ने जांच के बाद मां पर हत्या का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मायके नहीं जाने को लेकर महिला आक्रोशित हो गई। उसका मायके दो किलोमीटर के अंतराल में खिरहनी में था। 6 मार्च को महिला और उसके पिता से बात हुई थी। इसमें महिला ने अपने पिता को बताया था कि 7 को वह मायके आएगी, लेकिन उसे मायके जाने को नहीं मिला था। इसमें आशंका व्यक्त की जा रही थी कि इसी बात से नाराज महिला ने इस तरह का कदम उठायाथा। घर में 6सदस्य ही रहते थे। रोजाना की तरह पति संजय, सास-ससुर पास में ही ईंट बनाने के लिए निकल गए थे। महिला की ननद शालिनी दोपहर के समय पेपर देने गई थी। पेपर देने के बाद जबवह लौटी तो यह दृश्य को देखकर उसके होश ही उड़ गए। चीखने के साथ-साथ मासूम को बचाने के लिए स्वयं ही फांसी के फंदे से उतारी, लेकिन तबतक काफी देर हो चुकी थी। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी थी।

### अलग अलग स्थानों से पकड़े गए चार सटोरिये, नकदी जब्त



**कटनी।** सट्टा पर्ची काटने वाले सटोरियों के विरूद्ध पुलिस ने कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना अंतर्गत कैरिन लाइन पानी की टंकी के पास राजकुमार सभाग चंदानी निवासी कैरिन लाइन सब्जी मंडी के पास थाना माधवनगर को पुलिस ने 03 नग सट्टा पट्टी एक डाट पेन एक व कार्बन का टुकड़ा नगदी 1060 रुपए के साथ पकड़ा है। दूसरे मामले में एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम हीरापुर कोड़िया में पल्टू कोल निवासी हीरापुर कोड़िया को 02 नग सट्टा पट्टी, कार्बन पर्ची व नगदी जुमला रकम 290 रुपए के साथ पकड़ा गया है। तीसरे मामले में बड़वारा थाना अंतर्गत शिवम कोल निवासी ग्राम हिरवारा को 01 नग सट्टा पट्टी, कार्बन पर्ची व नगदी जुमला रकम 215 रुपए के साथ पकड़ा गया है। चौथे मामले में बड़वारा के ही ग्राम बसाड़ी मेन रोड किनारे एक आरोपी सट्टा खिलाते मिला। इसमें मंगल प्रसाद पटेल निवासी सुड्डी थाना बड़वारा को 02 नग सट्टा पट्टी के साथ पकड़ा गया है। उसके पास से 01 डॉट पेन, नगदी 430 रुपए मिले हैं। पुलिस ने जांच में लिया है।

### चार माह से लापता किशोरी को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया

**कटनी।** चार माह से लापता एक नाबालिग को पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों से सुपुर्द किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन मुस्कान के तहत अति०पु०अधीक्षक डा० संतोष कुमार डेहरिया के निर्देशन एवं एसडीओपी प्रभात शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बहोरीबंद निरीक्षक सुरेन्द्र शर्मा की विवेचना टीम ने 04 माह से लापता नाबालिग गुमशुदा को खमतरा जिला कटनी से दस्तयाब कर सुरक्षित घर पहुंचाया। दिनांक 02.01.25 को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी नाबालिग बहन 16 वर्ष 10 माह की दिनांक 21.12.24 की रात घर से बिना बताये कहीं चली गई है। तलाश करने पर पता नही चला है रिपोर्ट पर रिपोर्ट पर अपराध क्र. 02/25 धारा 137 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरान थाना बहोरीबंद की विवेचना टीम द्वारा दिनांक 03.05.25 को नाबालिग अपहर्ता को दस्तयाब कर नाबालिग को सुरक्षित परिजनो को सुपुर्द किया गया।

---

इंदिरा गांधी वार्ड में 60 लाख रुपए की लागत से नाला निर्माण होने से सुदृढ़ होगी जल निकासी की व्यवस्था

# नर्सरी मार्ग में झूलती विद्युत तारों से मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर विकास की दिशा में एक ओर महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नागरिकों को स्वच्छता और बेहतर जल निकासी व्यवस्था मुहैया कराने हेतु रविवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, मुड़वारा मुड़वारा विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल एवं नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक की विशेष मौजूदगी में इंदिरा गांधी वार्ड के शिवनगर में लगभग 60 लाख रुपए की लागत से पुरवार स्कूल से दुर्गा मंदिर के पास तक लगभग 750 मीटर लंबे तथा 4 फिट चौड़े कराए जाने वाले नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन क्षेत्रीय वरिष्ठ नागरिक रिटायर्ड शिक्षक राजेंद्र शुक्ल एवं सनद कुमार गर्ग के हस्ते संपन्न कराया जाकर बड़ी सौगात दी गई।

विदित हो कि नागरिकों की सुविधा एवं अतिवर्षा के दौरान नगर में जलभराव की समस्या से निपटने हेतु निगम प्रशासन द्वारा अभी से ड्रेनेज सिस्टम के सुदृढ़ीकरण ओर बड़े एवं छोटे नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

## कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुरेंद्र गुप्ता, क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी, शशिकांत तिवारी,पूर्व पार्षद विजय डब्बू रजक, समाजसेवी राजू शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और स्थानीय गणमान्य



नागरिकों की गरिमामई उपस्थिति रही।

## मिलेगा स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण

कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार सहित खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा के विशेष सहयोग से नगर विकास का सिलसिला अनवरत जारी है। विकास कार्य निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इंदिरा गांधी वार्ड के रहवासी लंबे समय से जलभराव की समस्या से परेशान थे, लेकिन आज निगम प्रशासन द्वारा नई जल निकासी व्यवस्था के साथ इस समस्या का समाधान करने की पहल की गई है। अतिवर्षा के दौरान वार्ड में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो इसलिए वार्ड की आसपास की अन्य बस्तियों के नाले नालियों को निर्मित होने वाले इस बड़े नाले से जोड़कर जल निकासी के बेहतर प्रयास किए जाएंगे। इस कार्य में आप सभी का सहयोग भी जरूरी है। आपका स्नेह समर्थन और प्यार हमें पहले से भी बेहतर सेवा प्रदान करने में मदद करता रहेगा। इस कार्य से न केवल जलभराव की समस्या दूर होगी, बल्कि लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण भी मिलेगा। आप सभी के आशीर्वाद से वार्ड विकास की यह यात्रा सतत जारी रहेगी।

## तकनीकी मापदंडों का रखें ख्याल

महापौर श्रीमती सूरी ने क्षेत्रीय उपयंत्री एवं निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य तकनीकि मापदंडों के अनुरूप हो। निर्माण कार्य के दौरान इस बात का ध्यान रखा जाए कि पानी की निकासी सुगमता से हो सके, समय रहते कार्य पूर्ण कर लिया जाए ताकि बरसात के दौरान लोगों को जल भराव की समस्या से निजात मिल सके।

## महापौर ने निभाया अपना वादा

विदित हो कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा विगत 22 अप्रैल को वार्डवासियों के साथ इंदिरा गांधी वार्ड की शिव नगर, रामनगर, मोहन नगर सहित अन्य बस्तियों का भ्रमण किया गया था। इस दौरान महापौर ने वार्ड की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने सहित जल निकासी की सुचारू व्यवस्था हेतु बड़ा नाला निर्माण कराए जाने का वादा क्षेत्रीय जनों से किया था। रविवार को नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर महापौर श्रीमती सूरी ने नागरिकों से किया अपना वादा निभा दिया।

## स्कूल पहुंच मार्ग निर्माण का आश्वाशन

भूमिपूजन करने इंदिरा गांधी वार्ड पहुंची महापौर श्रीमती सूरी ने क्षेत्रीय नागरिकों एवं पुरवार स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बालाजी नगर में पुरवार स्कूल पहुंच मार्ग में डामरीकरण कार्य कराने का आश्वाशन भी दिया। महापौर श्रीमती सूरी ने बताया कि शिवाजी नगर सूर्या होटल के बगल से पूर्व में लगभग एक किलोमीटर की रोड का डब्ल्यू बी एम कार्य किया गया है। स्थानीय रहवासियों से अपने अपने बकाया विकास शुल्क की राशि निगम कोष में जमा करने का आग्रह भी महापौर ने किया, ताकि नियमानुसार वार्ड की अन्य बस्तियों में आवश्यक विकास कार्य शीघ्रता से प्रारंभ कराए जा सकें।

## अधीक्षण अभियंता को दिए निर्देश

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वार्डवासियों द्वारा जैन नर्सरी मार्ग के पास अव्यवस्थित झूलते विद्युत तारों की समस्या की जानकारी दिए जाने पर महापौर श्रीमती सूरी, विधायक श्री जायसवाल एवं निगमाध्यक्ष श्री पाठक द्वारा स्थानीय नागरिकों के साथ बालाजी नगर से पुरवार स्कूल पैदल होते हुए स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विधायक श्री जायसवाल ने ऊर्जा विभाग के अधीक्षण अभियंता को स्थल का जायजा लेकर जनसुरक्षा की दृष्टि से झूलते विद्युत तारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दूरभाष पर दिए।

जल निकासी की इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए वार्डवासियों द्वारा महापौर श्रीमती सूरी एवं विधायक संदीप जायसवाल का पुष्पमाला से स्वागत किया जाकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक प्रमोद मिश्रा, वाल्मिक मिश्रा, सुनील अग्रवाल, सुरेंद्र विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

---

सरकार द्वारा किये गए वादों को न निभाने को लेकर विरोध प्रदर्शन

# आशा पर्यवेक्षक एवम कार्यकर्ताएं भोपाल में करेंगी विशाल प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सरकार की वादा-खिलाफी के खिलाफ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मध्य प्रदेश आशा/ आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी कौरव के नेतृत्व में आशा एवं पर्यवेक्षक विशाल प्रदर्शन करेंगी। मप्र की आशा और पर्यवेक्षक बहनों द्वारा 7 मई 2025 को भोपाल में एक विशाल प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। यह प्रदर्शन सरकार द्वारा किए गए वादों को न निभाने के विरोध में किया जा रहा है, जिसमें मांग है आशा एवं पर्यवेक्षकों को 1000 रूपए की वार्षिक वृद्धि सुनिश्चित करना।

सरकार ने 29 जुलाई 2023, को



भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में महासम्मेलन के भरे मंच से जिसमें हजारों आशा एवं पर्यवेक्षक, भाजपा सरकार के दो राज्य मंत्री,स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री, एनएचएम भोपाल के सभी अधिकारी एवं एमडी मैडम सुश्री प्रियंका दास तथा पुलिस प्रशासन के सभी आला अधिकारी,पुलिस फोर्स एवं भोपाल की मीडिया की उपस्थिति में आशा एवं पर्यवेक्षकों को प्रतिवर्ष वार्षिक वृद्धि₹1000 प्रति माह प्रदान किए जाने की घोषणा करते हुए कहा था कि आशा और पर्यवेक्षक बहनों के मानदेय में नियमित वार्षिक वृद्धि की जाएगी, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। इससे नाराज होकर प्रदेशभर से हजारों की संख्या में आशा और पर्यवेक्षक बहनें राजधानी भोपाल में जुटेंगी और लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज करेंगी।

## ये हैं मुख्य मांगें

1000 की वार्षिक वृद्धि तुरंत लागू की जाये

वार्षिक वृद्धि का भुगतान वित्तीय वर्ष 2024 के अनुसार 1 अप्रैल 2024 से एरियर सहित भुगतान किया जाए

यदि सरकार ने अब भी आवाज़ नहीं सुनी तो आंदोलन को और तेज़ किया जाएगा।

हमारी मेहनत का हक़ हमें चाहिए, वादा निभाना सरकार की ज़िम्मेदारी है!

---

## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में सिखाई जाएंगी खेल की बारीकियां



जिला खेल अधिकारी सुनीता यादव जिला खेल एवं युवक कल्याण विभाग माधव नगर इंडोर हाल में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर हेतु बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए बड़वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तीन खेलों का शिविर लगाना सुनिश्चित किया गया है खेल गतिविधि में वॉलीबॉल, खो खो योग प्रशिक्षक द्वारा बच्चों को खेल का महत्व एवं फिटनेस खेल की बारीकियां सिखाई जाएंगी वॉलीबॉल वीरेंद्र कुमार पांडे ब्लॉक समन्वय कटनी, खो- खो कुमारी अमिता सिंह एवं योग का अभिषेक सेन के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा प्रशिक्षण का समय शाम 4:00 बजे से 6:30 तक रहेगा इस प्रशिक्षण में 10 से 18 वर्ष के बालक बालिकाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, डेट ऑफ बर्थ, अंक सूची की छाया प्रति पासपोर्ट की फोटो फार्म के साथ संलग्न करके प्रशिक्षकों के पास जमा करें बच्चों को खेल के माध्यम से प्रतिभावान बनाने के लिए इस समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

---

# गठित क्लस्टर में चिन्हित कर वैल्यूक चेन पार्टनर का किया जाएगा चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारत सरकार द्वारा जारी नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्सव योजना के दिशा-निर्देश अनुसार जिला क्रियान्वचयन समिति के द्वारा योजनांतर्गत गठित क्लस्टर में कृषकों का चिन्हांकिन कर योजना प्रावधान के अनुसार कार्य हेतु वैल्यूक चेन पार्टनर का चयन किया जाना है। कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ), सहकारी (कोऑपरेटिव) एवं सार्वजनिक व निजी निगम जो तिलहनी फसलों के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, वैल्यूल चेन पार्टनर के लिये पात्र होगें। जिलें के कृषक उत्पादक संगठनों एवं सहकारी समितियों को वैल्यूव चेन पार्टनर में चयन हेतु वरीयता दी जायेगी। केन्द्र प्रवर्तित स्कीम में 10 हजार कृषक उत्पादिक संगठनों को वरीयता दी जायेगी।

कृषक उत्पा दक संगठन पंजीयन कंपनी एक्ट् अथवा कॉर्पोरेटिव एक्ट के अंतर्गत होना चाहिए। जिलें में कम से कम 3 वर्षो का कार्य अनुभव होना चाहिए। कम से कम 200 कृषक एफपीओ या सहकारी समिति में पंजीकृत होना चाहिए। साथ ही विगत 3 वर्षो का औसत वार्षिक टर्नओवर 9 लाख से अधिक होना चाहिए। एफपीओ में किसान द्वारा कम से कम 3 लाख रू की इक्विटी होनी चाहिए। वैल्यू चेन पार्टनर के चयन हेतु बीज, खाद्य तेल एवं उर्वरक क्षेत्र में कार्यरत केन्द्र या राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडियन वेजिटेबल ऑयल प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन, नेशनल सीड एसोसिएशन ऑफ इंडिया, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया के साथ पंजीकृत निजी निगम पर विचार किया जावेगा। कम से कम 10 करोड़ का टर्नओवर होना चाहिए। विगत 3 वर्षो में कर में चूक नही होना चाहिए। साथ ही विगत 5 वर्षो से बीजों, उर्वरकों एवं खाद्य तेल के उत्पादक के रूप में कार्य कर रहे हो।

इस प्रकार उपरोक्तन पात्रता मापदण्ड रखने वाले कृषक उत्पादक संगठनों, सहकारी एवं सार्वजनिक व निजी निगम वैल्यूप चेन पार्टनर के चयन हेतु कमरा नं. 53 कार्यालय उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, कलेक्ट्रेट परिसर से आवेदन प्राप्त कर, मापदण्ड को प्रमाणित करने वाले अभिलेखों को संलग्न कर 8 मई तक कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

---

बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम भदावर में बीते माह हुई थी घटना

# डोलोमाइट खदान में महिला की मौत के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भदावर में बीते माह खदान में एक महिला की मौत के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। घटना बीते माह 24 अप्रैल को हुई थी। जांच के उपरांत पुलिस ने खदान कंपनी में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था न होने के लिए मामला दर्ज किया है। पुलिस ने संचालक भानू कुमार बोहरा पिता सत्य नारायण बोहरा निवासी लक्ष्य फार्च्यून चिनार सिटी होशंगाबाद रोड भोपाल व देखरेख करने वाले सुनील कुमार जैन निवासी कटनी पर मामला दर्ज किया है। इनके खिलाफ धारा 260/25 धारा 106(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

महिला की खदान हादसे में मौत के मामले में 25 अप्रैल को ग्रामीणों ने बड़वारा थाना तिराहे पर शव रखकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान करीब दो घंटे तक जाम की स्थितियां बन गई थीं।प्रदर्शकारी ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हादसा खदान में की गई ब्लास्टिंग के कारण हुआ। यहां पर खदान में ब्लॉस्ट किया जा रहा है। इसी मलबे मे महिला मलबे में दब गई और उसकी मौत हो गई थी। मामले में अधिकारियों ने बताया कि ब्लॉस्टिंग के साक्ष्य नहीं मिले हैं। ग्रामीणों ने मृतका के परिवार को 10 लाख रुपए के मुआवजा परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी और खदान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने व खदान की लीज तत्काल रद्द किए जाने की मांग की थी।प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन को आरोपों से अवगत कराया था खनिज उपसंचालक रत्नेश दीक्षित, तहसीलदार संदीप सिंह, नायब तहसीलदार इसरार खान व बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल भी पहुंचे। और ग्रामीणों को जांच का आश्वासन दिया गया था। मामले में जांच करते हुए जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि यह महिला की लापरवाही और अवैध खनन गतिविधियों का परिणाम है। उनका आरोप है कि खदान में सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतज़ाम नहीं थे और प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। प्रशासन ने शुरू की जांच प्रशासन ने फिलहाल मामले की जांच का आश्वासन दिया था। उस समय भी प्रशानिक अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल खदान में सुरक्षा नियमों की अनदेखी मिली थी। यहां पर पर्याप्त बाड़ नहीं मिली। इसके अलावा मजदूरों का बीमा भी नहीं करवाया गया था। इसके अलावा यहां पर नियमानुसार पौधरोपण भी नहीं मिला था।



---

सड़कों में आवारा मवेशियों की जमघट से आवागमन होता है बाधित

# जरा संभलकर चलें, कहीं हादसे का शिकार न हो जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर हो गांव मुख्य सहित एप्रोच मार्गों में आवारा मवेशी आसानी से देखने को मिल जाएंगे। आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही भी नहीं हो रही। आवारा मवेशियों की वजह से कई बार वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते तो कभी लोगों का आर्थिक नुकसान कर देते हैं वहीं जब कभी सांडों के बीच घमासान होता है तो हादसे की आशंका भी बन जाती है। सांडो की लड़ाई के दौरान कई बार दुकान सहित वाहन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं जिससे लोगों को अनावश्यक आर्थिक क्षति का नुकसान होता है।

आवारा मवेशियों की वजह से शहर सहित ग्रामीण अंचलों में आये दिन दुर्घटनाएं भी हो जाती है। कभी मवेशी को बचाने तो कभी अचानक सामने आ जाने के कारण वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। कई बार मवेशियों की आपसी लड़ाई तो कभी अचानक से वाहनों के सामने आ जाने या फिर मवेशियों को बचाने के



चक्कर में वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं।

ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी सभी जगह आवारा मवेशियों की वजह से लोग परेशान हैं। मवेशी झुण्ड बनाकर सड़कों पर इस तरह बैठे रहते हैं कि वाहन निकालना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यातायात व्यवस्था भी जाम हो जाती है।

सड़कों पर मवेशियों के कारण होनेवाले तमाम परेशानियों पर स्थानीय प्रशासन चुप बैठा है। मवेशियों को रोड से मुक्त कराने की योजना धरातल पर नजर नहीं आ रही है। लोगों की परेशानियों का ध्यान ने तो शहर न ही ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधि और प्रशासन दे रहा है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि लोग स्वयं संभलकर चलें। प्रशासन के द्वारा समय-समय पर यातायात व्यवस्था एवं पशुओं की समस्या को लेकर बैठक होती है, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से आम नागरिकों की परेशानी जस की तस बनी हुई है। मवेशियों की वजह से वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## जुर्माने का बना था प्रावधान

बीते वर्ष जिला प्रशासन ने सार्वजनिक सड़कों एवं स्थानों पर पशुओ को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों पर एक हजार रुपये तक का जुर्माना लगाने की बात कही थी। राज्य सरकार द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1961 में संशोधन किया गया था इसके अनुसार मवेशियों एवं अन्य पशुओं को सार्वजनिक सड़कों एवं स्थानों पर खुला छोड़ना अथवा बांधना जो भी कोई भी जानबूझकर अथवा उपेक्षापूर्वक किसी मवेशी अथवा अन्य पशु को सार्वजनिक सड़क अथवा स्थान पर खुला छोड़ते है, अथवा बांधता है, जिसके कारण किसी व्यक्ति को क्षति होती है या संपत्ति को नुकसान होता है या संकटापन्न होता है और लोक न्यूसेंस कारित होता है, तो वह राज्य सरकार द्वारा निहित जुर्माने से एक हजार रुपये का जुर्माना किया जाएगा।

---



# गांजा तस्कर को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बहोरीबंद पुलिस ने एक व्यक्ति को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा नशा के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया के निर्देशन एवं एसडीओपी स्लीमनाबाद प्रभात शुक्ला के मार्गदर्शन में वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 01 किलो 400 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। वाहन चेकिंग सिदुरसी तिराहा पर रविशंकर साहू पिता कौराई साहू 46 साल निवासी बचैया से 01 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त किया गया। आरोपित के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल दाखिल कराया गया। आरोपी रविशंकर साहू के विरुध्द पूर्व मे भी अवैध मादक पदार्थ के मामलो मे संलिप्त पाये जाने पर कार्यवाही की गई थी। कार्यवाही में निरी सुरेन्द्र शर्मा, सउनि अजय सिंह, सउनि मोनेन्द्र सिंह आर. अतुल श्रीवास्तव,कोमल शा., आशुतोष सिंह, दीपक सिंह, आकाश साहू की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### फीडर शेपरेशन के नाम पर किसानों के हक पर डाका

**पन्ना।** किसानो को दस घंटे बिजली उपलब्ध कराने का वादा करने वाली सरकार की बिजली विभाग के अधिकारी किसानों का खून चूस रहे हैं तथा सरकार को भी चूना लगा रहे हैं घटिया सामग्री लगा के केवल एवं खंभा की मजबूती की बात करते है लेकिन सच्चाई मे वह बहुत ही कमजोर है 'जमीन पर झूठ और भ्रष्टाचार के पोलें' गाड़ कर दफनाया जा रहा है! उदाहरण के तौर पर गुनौर के रिछौड़ा फीडर में फीडर सेपरेशन योजना के नाम पर जो कुछ हो रहा है, वह सिर्फ "घटिया निर्माण नहीं, सीधा-सीधा बिजली घोटाला है!" रिछौड़ा फीडर में खेतों के बीच बिना वोल्डर, बिना कंक्रीट और बिना स्टैंडर्ड के पोल गाड़े जा रहे हैं। ये पोल बरसात की एक तेज हवा में या तो गिरेंगे, या झुककर किसानों की जान व जमीन को खतरे उत्पन्न करेगे। सूत्रों द्वारा बताया गया कि केवल को मजबूत करने के लिए तांबा डाला जाता है तथा तांबे युक्त केवल बहुत मजबूत होती है लेकिन जो केवल डाली जा रही है उसमें तांबा की मात्रा ही नही है सिर्फ औपचारिकता पूरी की जा रही है गांव के किसानो का कहना है कि विभाग तथा ठेकेदार द्वारा मिलकर घटिया कार्य कराया जा रहा है जिससे उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियो के खिलाफ कार्य वाही की जाये।

### फिट इंडिया मिशन के तहत निकाली साइकिल रैली

**पन्ना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली के फिट इंडिया मिशन कार्यक्रम के तहत पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया के मार्गदर्शन में निकाली गई साइकिल रैली में शिक्षक व विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्वस्थ्य एवं फिट रहने का संदेश दिया गया। यह रैली स्कूल से प्रारंभ होकर छत्रसाल स्टेडियम, अंबेडकर चौराहा एवं छत्रसाल पार्क होकर वापस विद्यालय में समाप्त हुई।

### सफलता की कहानी


**पन्ना।** पन्ना नगर के कुंजवन वार्ड के किसान साधन कुमार बढ़ई ने प्रधानमंत्री सिंचाई योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी तरक्की की राह सुनिश्चित की है। उन्होंने 2 एकड़ भूमि पर उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की इस अभिनव योजना में ड्रिप और मल्चिंग तकनीक के उपयोग से कम पानी में सब्जी उत्पादन में सफलता प्राप्त की। कृषक साधन ने बताया कि स्वयं के 50 हजार रूपए की लागत से चार माह में टमाटर, खरबूज, कद्दू सहित मक्का, तरबूज और अन्य सब्जियों की खेती पर बढ़िया पैदावार प्राप्त कर मुनाफा कमाया। अभी निरंतर रूप से स्थानीय बाजार में उत्पादित सब्जियों का थोक विक्रय भी कर रहे हैं। गत वर्ष 2 लाख रूपए की शुद्ध आय भी हुई। इनके द्वारा प्याज के बीज भी स्वयं तैयार किए जाते हैं।

### नदी में डूबने से ननिहाल शादी में आए बालक की मौत, दग्धा ग्राम में घटी घटना

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम दग्धा में आज दोपहर केन नदी के पतरघाट पर एक 10 वर्षीय बच्चे अंकित पिता अशोक पटेल की डूब जाने से मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि मृतक अंकित पिता अशोक मोहन्द्रा पैथा गांव का निवासी है जो अपने ननिहाल शादी समारोह में शामिल होने आया था और आज अपनी साथियों के साथ बिना बताए नदी नहाने गया हुआ था और नहाते नहाते गहराई की ओर चला गया जिससे पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई जब 2रू00 बजे दोपहर तक वह घर नहीं पहुंचा तो उसके नाते रिश्तेदारों एवं परिजनों ने उसकी तलाश आरंभ कर दी और नदी घाट पर उसके कपड़े जूते देख वह घवड़ा गए और फिर नदी के पानी मैं प्रवेश कर उसकी तलाश आरंभ कर दिए और गहराई की ओर तलहटी में उसका स्व आ गए जिस नदी के बाहर लेकर आए और उसकी पहचान अंकित के रूप में की जिसे देख पूरा घर परिवार भारी मध्य और दुख में आ गया मौके पर खड़े कुछ लोगों ने कहा शायद इसके प्राण बाकी हूं जल्दी अस्पताल ले चलो इस बात को सुनकर जब पर बच्चों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज आ पहुंचे जहां चिकित्सक ने देखा और कहा यह है कुछ ही देर पहले खत्म हुआ है घटना की सूचना स्थानीय पुलिस थाना मनगंज को दी गई और पुलिस मौके पर पहुंची जिसे मामले में पंचनामा कार्यवाही करने के बाद मामले में मार्ग कायम किया और पोस्टमार्टम करने के बाद सब परिजनों को सौंप दिया।

अपने-अपने स्तर पर जल संवर्धन अभियान को सफल बनाने में सहयोग अवश्य करें-सांसद राहुल सिंह

# बांदकपुर की प्राचीन एवं ऐतिहासिक बावड़ी की हुई साफ-सफाई, दिलाई स्वच्छता की शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आज 45 वें सप्ताह में बांदकपुर स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक बावड़ी के श्रमदान कार्यक्रम में सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉं रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रीति राजू ठाकुर, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे सहित स्वयंसेवी संस्थाओं ने भाग लिया। दमोह से बांदकपुर के लिए स्वच्छता की टीम बस से पहुंची।

इस अवसर पर सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा जल गंगा अभियान के तहत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर स्वच्छ भारत अभियान को लेकर आज दमोह विधानसभा के बांदकपुर की अति प्राचीन बावड़ी में सफाई अभियान चलाया गया। जल स्त्रोत खत्म होते जा रहे हैं, जो नदियों-तालब में पहले बारहमासी जल का प्रभाव रहता था, अब वह केवल चार से पांच महीने देखने मिलता है। यदि उन सबको अभियान के रूप में साफ करेंगे तो पुराने जल स्त्रोतों में जमीन से जल निकल के आता था वो फिर से धाराएं शुरू हो जाएंगी और जो जल स्तर नीचे गिर गया है वो पुनः वापस होगा। सांसद श्री लोधी ने आमजन से आग्रह करते हुए कहा आप श्रमदान करते हैं तो रविवार के रविवार श्रमदान करें और यदि आप श्रमदान नहीं करते तो प्रातः अपने मोहल्ले के पार्क, नाली, कुएं, पुराने जल स्त्रोतों के स्थानों और यदि गांव में रहते हैं तो नदियां को साफ करें, जल है तो कल है। अपने-अपने स्तर पर जल संवर्धन अभियान को सफल बनाने में सहयोग अवश्य करें।

मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉं रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा यह प्राचीन समय से बनी इतनी शानदार सुंदर बावड़ी हैं। आज इसकी सफाई कर कायाकल्प किया जा रहा हैं। इतना सुंदर स्थान लोगों के काम आएगा, इसका लाभ लोगों को मिलेगा। इसके पवित्र जल का उपयोग होगा।

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा यह बावड़ी बादकपुर की बहुत ही ऐतिहासिक सैकड़ों वर्ष पुरानी है, जिसका पानी मंदिर को जाता था, वर्षों से दशकों से ऐसी ही पड़ी थी, इसकी पूरी सफाई कर जीर्णोद्वार किया जा रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा बांदकपुर की पुरानी बावड़ी में श्रमदान कार्य किया जा रहा हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी 09 मई को यहां आ रहे हैं, मुख्यमंत्री जी यहाँ पुरानी बावड़ी का अवलोकन करने आएँगे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की परिकल्पना है, पुरानी बावड़ी, कुएं, तालाब, नदी उन्हें पुनर्जीवित किया जाए। अपने आसपास की बावड़ी, कुओं को साफ करें और अपने जल को बचाने का प्रयास करें।

जनपद अध्यक्ष प्रीति राजू ठाकुर ने कहा बांदकपुर ग्राम पंचायत में पुरानी बावड़ी सफाई अभियान रखा गया है, हर रविवार को जिला प्रशासन की ओर से सामाजिक संस्थाओं की ओर से सफाई अभियान चलाया जाता है। जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत पुरानी बाबड़ियों, कुंओं, तालाबों, पुरानी धरोहर को संभालने का काम किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा जल संरक्षण जल संवर्धन मुख्यमंत्री की एक प्रगतिशील योजना है, अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत बाबड़ी को प्रशासन ने चयन किया। इस अभियान को अपने हाथ में ले और इस सुंदर जलकुंड को पुनर्जीवित करने का काम किया जाये।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बांदकपुर की प्राचीन और ऐतिहासिक बावड़ी की सफाई और जीर्णोद्धार का अभियान चलाया गया। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों सहित दमोह जिले के समाजसेवी, नागरिक, सामाजिक संगठनों, आपदा मित्र, एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं सभी लोग इसमें बड़ी संख्या में सहभागिता निभाई हैं। आज लगभग 200 से अधिक लोग उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस तरह के प्राचीन बावड़ियों, तालाबों, कुओं का जीर्णोद्धार करने के संकल्प को जमीन पर उतारने का काम करने का प्रयास किया जा रहा है और इसका पूरा श्रेय यहाँ की जनता यहाँ के जनप्रतिनिधियों को जाता है। सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कहा कल बावड़ी के जीर्णोद्धार और साफ सफाई का कार्य किया जा रहा हैं। बावड़ी ऐसी हालत में थी कि जिसमें साफ-सफाई बिलकुल नहीं थी, वह आज बिलकुल अच्छी स्थिति में है। लोगों का उत्साह बहुत ज्यादा था और निश्चित रूप से अभी इसके सौंदर्गीकरण की योजना है, इसको दो 3 दिन में और बेहतर कराएंगे। इस मौके पर श्रमदान कार्यक्रम उपरांत स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई गई। दमोह से बांदकपुर के लिए स्वच्छता की टीम बस से रवाना हुई थी।

इस अवसर पर सासंद दमोह राहुल सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रीति राजू ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, बजरंगी सर्वे कल्याण सेवा संस्थान दमोह, संगम महिला एवं उत्थान समिति छतरपुर दमोह सहित अन्य श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## एमपीएमआरए यूनिट का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर के बस स्टैंड स्थित एक निजी रेस्टारेंट में मप्र मेडिकल रिप्रेसेंटेटिव एसोसिएशन का निर्विरोध गठन हुआ, जिसमें एमपीएमआरए के गठन के लिए पधारे प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में एमपीएमआरए की प्रदेश यूनिट से प्रदेश अध्यक्ष कामरेड आशुतोष पांडे, प्रदेश सह सचिव कामरेड जितेन्द्र गुप्ता, सागर यूनिट से अध्यक्ष कामरेड आर पी विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष कामरेड नितिन जैन, वर्किंग कमेटी सदस्य कामरेड विकास कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। दमोह सभी कामरेड ने प्रदेश यूनिट के पधारे सभी कामरेड पदाधिकारियों का पुष्प माला से सभी का स्वागत किया तत्पश्चात पधारे अतिथि गणों ने संगठन के सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला और पंजीकृत संगठन में जुड़ने के एक एक कर सभी फायदे बताये, और भविष्य को देखते हुए कंपनियों द्वारा टारगेट प्रेसर को लेकर खुद की सुरक्षा को लेकर कहा आप ईमानदारी से अपना काम कीजिए टारगेट भी पूरे होंगे और आप सफल भी होंगे। यदि आप लगन से काम करते हैं तो तरक्की भी आपकी निश्चित होगी, इसी तारतम्य में सभी ने अपना अपना पक्ष रख कर और दमोह कामरेड सदस्यों ने दिमाग में उठ रहे सवालों के जबाब लिये, तत्पश्चात सर्व सम्मति से दमोह यूनिट का गठन किया गया। जिसमें जिलाअध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा, उपाध्यक्ष राजीव वर्मा, शिरीष खरे, सचिव राम मनोहर कुर्मी, सह सचिव दीपक पटैरया, राजेन्द्र तिवारी कोषाध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा एवं वर्किंग कमेटी सदस्य के रूप में नीरज असाटी, गगन चौरसिया, हुकुम सिंह, पूजा श्रीवास्तव, सीता रजक, को रखा गया। इस अवसर पर संदीप चक्रवर्ती, उमेश पटैल, भरत पटैल, समीर पटैल, अखिलेश दुबे, संदीप विश्वकर्मा, सीताराम पटैल,लता हजारी, राकेश चौरसिया, पुष्पराज पटैल, रवीन्द्र तिवारी, सोहन तिवारी, राजेश दुबे, मयंक यादव, शिवम जैन, शिवम चौरसिया, देवेन्द्र शुक्ला रहे। अंत में राजीव वर्मा ने सभी उपस्थितजनो का आभार उद्बोधन दिया।

## जिला प्रतिनिधि बने शिवशंकर पटेल कुशवाहा



दमोह। प्रदेश भर में मध्य प्रदेश शासन कुश कल्याण बोर्ड अध्यक्ष के द्वारा संभाग जिला विधानसभा प्रतिनिधि नियुक्त गए। कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा द्वारा एवं प्रदेश प्रभारी प्रतिनिधि अर्जुन पटेल एडवोकेट की अनुशंसा पर दमोह जिला प्रतिनिधि शिव शंकर पटेल कुशवाहा को नियुक्त किया गया है, वहीं दमोह जिले की चारों विधानसभा के विधानसभा प्रतिनिधि भी नियुक्त किए गए जिसमें पथरिया विधानसभा से सुरेश कुशवाहा, हटा विधानसभा से हिंडोरिया नगर पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, जबेरा से चंद्रमाभान कुशवाहा, दमोह से राजेश कुशवाहा( लव कुश स्टूडियो) विधानसभा प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है, इनकी नियुक्ति पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित समाज जनों ने बधाइयां दी।

# कृष्ण-सुदामा की मित्रता संसार में सर्वश्रेष्ठ

### पं. उमाशंकर शास्त्री ने कहा कि मित्रता बचपन, जवानी और बुढ़ापे तक नहीं भूलें, ऐसी होनी चाहिए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बनवार के समीप टिकरी बुजुर्ग में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण-सुदामा की मित्रता संसार के लिए एक आदर्श प्रेरणा प्रसंग है। श्रीकृष्ण ने सुदामा को बिन मांगे दो मुट्ठी चावल के बदले दो लोकों का सुख प्रदान कर दिया था। मित्रता हो तो कृष्ण-सुदामा जैसी। उनकी मित्रता संसार में सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है।श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतिम दिवस भागवताचार्य पं उमाशंकर शास्त्री जी ने कही। उन्होंने कहा कि मित्रता बचपन, जवानी और बुढ़ापे तक नहीं भूलें, ऐसी होनी चाहिए। समर्पण प्रेम बिना सच्ची मित्रता सार्थक सिद्ध नहीं होती है। जब सुदामा ने कहा कि कृष्ण तुम मिले नहीं, तब श्रीकृष्ण ने कहा मैं तो मित्र सुदामा तेरे हृदय में रहता हूं। तुमने कभी हृदय में मुझे देखा ही नहीं। सच्ची मित्रता ऐसी होती है। जब द्वारपाल ने द्वारकाधीश भगवान श्री कृष्णा से कहा आपके दर पे सुदामा गरीब आए है', सुनकर भाव विह्वल हो गए। भगवान श्री कृष्ण ने अपने मित्र सुदामा को सीने से लगाकर अपनी महल ले गए आंखों से अश्रुधारा बहने लगी मित्र का अभिनंदन किया इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए भगवान श्री कृष्ण सुदामा मित्रता की झांकी पर पुष्प वर्षा की।

कथा व्यास जी ने कहा मित्र व सखा के रुप में श्री कृष्ण जिस चरित्र के साथ जुड़े उसके सौभाग्य के द्वार खुलने के साथ-साथ उद्धार भी हो गया। मित्र के रुप में कृष्ण का चरित्र यह संदेश देता है कि मित्रता ऐसी कीजिए कि मित्र के गुणों, चरित्र, यश और ज्ञान में उत्तरोत्तर वृद्धि हो। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है।

# पुलिस के संरक्षण मे लाइसेंसी ठेकेदार बिकवा रहा गांव-गांव में अवैध शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा एंव बनवार पुलिस चौकी के गांव गांव में खुलेआम अवैध शराब का धंधा चल रहा है पुलिस और आबकारी विभाग की मिली भगत से यह धंधा जोरों पर है हैरानी की बात तो यह है कि अवैध शराब की विक्री पर रोक लगाने का काम पुलिस का है लेकिन यह काम भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा अवैध शराब पकड़वाकर किया जा रहा है। ऐसे में पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठना लाजमी हो जाता है। दरअसल मामला बम्होरी शराब दुकान का है जहां पर लाइसेंसी ठेकेदार के द्वारा गांव-गांव में अवैध शराब की बिक्री करवाई जा रही है। नतीजन भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा एक सप्ताह में दूसरी बार अवैध शराब की सूचना देकर पकड़वाई गई बीती रात्रि नोहटा थाना के हिनोति आजम गांव के समीप एक बाइक से गांव गांव गांव में अवैध शराब सप्लाई करते हुए दो आरोपियों के कब्जे दो पेटी अवैध शराब की सूचना देकर पुलिस से पकड़वाई गई है। इसके पूर्व में भी धुनगी तिराहे पर एक पेटी अवैध शराब पकड़वाई गई थी लेकिन नए शराब ठेके हुए एक माह का समय बीत गया है लेकिन पुलिस के द्वारा अवैध शराब पकड़ने की कोई कार्यवाही नहीं कि गई। जबकि संगठन के कार्यकर्ता निरंतर शराब पकड़ने का कार्य कर रहे हैं। पवन तिवारी नोहटा थाना बीट प्रभारी का कहना है अवैध शराब के खिलाफ पुलिस भी कार्यवाही कर रही जहां सूचना मिलती पुलिस के द्वारा पहुंचकर कार्रवाई की जाती है बम्होरी शराब दुकान से अवैध शराब की सप्लाई की शिकायतें मिल रही पुलिस के द्वारा धर पकड़ की जाएगी।

## लगभग 250 से अधिक क्रेतागण पहुँचे जैविक उत्पाद खरीदने

**दमोह।** दमोह जिले के जन प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों की मांग पर जिला प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार 22 वां जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट-बाजार रविवार ग्रीष्म काल मे गर्मी को मद्देनजर रखते हुए किसानों एवं उपभोगताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रातः 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक जटाशंकर पार्क के पास जैविक/प्राकृतिक खेती से उत्पादित हानिकारक रसायन रहित उत्पाद क्रय-विक्रय हेतु हाट-बाजार लगाया गया। 09 कृषको द्वारा विभिन्न 25 प्रकार से अधिक जैविक उत्पाद का विक्रय किया गया। उप संचालक कृषि जे.एल.प्रजापति ने बताया इस हाट बाजार में सिंगल यूज पॉलीथिन प्रतिबंधित रहीं। इस हाट-बाजार में लगभग 250 से अधिक क्रेतागणों ने उत्पाद खरीदे। आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह द्वारा कपड़े के थैले विक्रय के लिए एक स्टॉल लगाया गया। विक्रेता कृषकों एवं क्रेताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा अगले रविवार को भी निर्धारित समय सुबह 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित स्थल पर जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट-बाजार लगाया जाएगा।

## आबकारी विभाग ने महिला से 71 लीटर हाथभट्टी कच्ची शराब की जप्त, जेल भेजा



हरिभूमि, पन्ना।

पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर नवागत जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चल रहा है। अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहार टोला में एक रिहायशी मकान से एक महिला के कब्जे से लगभग 71 लीटर महुये से बनी हाथभट्टी कच्ची शराब जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 11 हजार रुपए जप्त की गई है। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर तड़के ग्राम मोहार टोला में श्रीमती कल्लूबाई बंजारा /व श्री नैना बंजारा उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम मोहारटोला थाना अमानगंज जिला पन्ना के रिहायशी मकान पर पहुंचे। जहाँ हाथ भट्टी जलाकर महुआ की कच्ची शराब बनाई जा रही थी। विधिवत तलाशी लिए जाने पर आरोपी कल्लू बाई के कब्जे से लगभग 71 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त की गई। आरोपी के पास कोई वैध परमिट या लायसेंस नही मिला। आरोपी महिला को मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अपराध में मौके से गिरफ्तार किया।

## प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की निःशुल्क कोचिंग का द्वितीय टेस्ट संपन्न

**दमोह।** जिला प्रशासन, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के विशेष सहयोग से जिले में निशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की कोचिंग चलाई जा रही है। उपसंचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने बताया छात्रों की तैयारी हेतु आज द्वितीय टेस्ट का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कृषि संकाय के दो कक्षों में आयोजित किया गया। इस दौरान 50 प्रश्न भौतिकी विषय के, 50 प्रश्न रसायन शास्त्र के, 50 प्रश्न फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र के तथा 50 प्रश्न पशुपालन एवं कुक्कुट पालन के इस प्रकार 200 अंक का प्रश्न पत्र का टेस्ट सुबह 08 बजे से 11 बजे तक लिया गया। उन्होंने बताया टेस्ट में प्रश्न विषय विशेषज्ञों से तैयार कराए गए तथा कृषि विभाग द्वारा उसका मुद्रण एवं ओ.एम.आर. शीट का मुद्रण कराया गया तथा टेस्ट कृषि विभाग के जिला सलाहकार गिरवर पटैल एवं कृषि विस्तार अधिकारी सुनील पटैल के पर्यवेक्षण में संपादित किया गया। उप संचालक कृषि श्री प्रजापति ने बताया जो छात्र इस टेस्ट में टॉप 5 में आएंगे उन सभी छात्रों को लगभग 1500 पेज के प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोर्स के नोट्स फ्री में उपलब्ध कराए जाएंगे।

# सती चरित्र सुनकर भाव विहल हुये श्रोता बाल व्यास पार्थ वीर की चल रही कथा

हरिभूमि, पन्ना।

मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड के प्रशिद्ध पन्ना शहर के श्री जुगुल किशोर जी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भगवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा वाचक बाल व्यास पार्थ वीर ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। कथा में उत्तानपाद के वंश में धुव्रा चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि धुव्रा की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया।

## खबर संक्षेप

### नंदी वन में कथा आज से

**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित नंदी वन मंदिर परिसर में 5 मईआज से दिव्य भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है कथा का वाचन कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज करेंगे आयोजन समिति ने समस्त भक्तों से कथा श्रवणार्थ उपस्थिति का आग्रह किया है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**दमोह।** पिछले दो दिनों से मौसम के बिगड़े मिजाज ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया। आंधी तूफान चलने के दौरान नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत करंट लगने ये युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय सिंह पिता सुल्तान सिंह निवासी जोरतला आंधी तूफान के चलते एक पेड़ के पास बैठ गया इसी दौरान पेड़ की डाल के साथ बिजली का तार भी नीचे गिरा व युवक करंट की चपेट में आ गया। परिजन फौरन युवक को जिला अस्पताल लेकर आये जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### करंट लगने से मजदूर की मौत

**दमोह।** जिले के सागर नाका चौकी अंतर्गत अविनाश वंशवर्ती नामक मजदूर सुरेका कोलोनी में एक मकान में पुटटी करते समय करंट लगने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मकान मालिका पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### 24 घंटे बिजली देने का वादा लेकिन महज 12 घंटे तक ही विद्युत सप्लाई

# ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

जबेरा विद्युत विभाग के ग्राम सिंग्रामपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामवासी परेशान है दिन - रात में अनेकों बार लाइट का आना-जाना लगा रहता है जहां गर्मी से आम आदमी परेशान है वहीं दूसरी ओर विद्युत कटौती से ग्रामवासीयों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है रात में गर्मी और विद्युत कटौती से आम लोग घर से बेहाल होकर लाइट के इंतजार में घर के बाहर बैठे रहते है, ग्रामवासी कमलेश रमेश आदि ने बताया कि गर्मी आते ही लाइट की आंख मिचौली का खेल चालू हो जाता है मेंटेनेंस के नाम पर दिन में अनेकों बार लाइट की कटौती की जाती है वहीं ग्राम सिंग्रामपुर सब स्टेशन में यह हाल है लाइट फाल्ट हो जाए बताने वाला नहीं है यहां तक की अधिकारी एवं कर्मचारी भी अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लेते हैं या फोन नहीं उठाते हैं यह स्थिति एक माह में अनेकों बार बन रही है जबेरा विद्युत वितरण केन्द्र के

**उसमें भी मेंटेनेंस के नाम पर अनेको बार 33 केव्ही लाइन फाल्ट के नाम से बंद की जा रही लाइट**



अंतर्गत आने वाले मुख्यालयों में नियमित लाइनमेन ही नहीं हैं पूरा कार्य आउटसोर्स कर्मचारी की भरोसे चल रहा है जिस कारण कर्मचारियों द्वारा लाइनों का मेंटीनेंस एवं रखरखाव भी ठीक ढंग से नहीं हो पाता है जबेरा वितरण केन्द्र प्रभारी की उदासीनता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है , उच्चाधिकारी भी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं लाइट कटौती की स्थिति क्षेत्र में विगत एक माह से बढ़ती ही जा रही है हर बार लाइट बंद होने का कारण 33 केव्ही लाइन फॉल्ट होना बताया जाता है जबकि लाइन मेंटीनेंस के नाम पर भी पूर्व सूचना देकर भी लाइट बंद की जाती है ।

### एक ओर प्रशासन अपनी वाह

वाही लूटने में लगा हुआ है प्रशासन द्वारा बताया जा रहा है विघुत सप्लाई 24 घंटे में 20 घंटे उपलब्ध की जा रही है लेकिन निचले स्तर पर देखा जाए तो 12 से 14 घंटे बिजली मिल पा रही है उसमें भी अनेकों बार बन्द की जा रही है।

### स्मार्ट मीटर लगने के बाद भी कटौती बरकरार

एक और विद्युत विभाग द्वारा प्रचार किया गया था स्मार्ट मीटर लग जाने के बाद लाइट कटौती नहीं होगी क्योंकि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली चोरी बचेगी आप जितनी लाइट जलाओगे उतना बिल भरना होगा और बिल बढ़कर खपत अनुसार आने भी लगे लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो में यह स्थिति उल्टी बनी हुई है स्मार्ट मीटर तो घर घर लग गए बिजली बिल हजारो मे करेन्ट मार रहे है लेकिन लाइट न मिलने की प्रति आक्रोश बना हुआ है सिंग्रामपुर के आस पास के ग्रामवासियों की प्रशासन से अपील है विद्युत की अघोषित कटौती बंद की जाए।

# गौशाला में लगी भीषण आग

## सभी गौ मातायें सुरक्षित, 230 ट्रक भूसा जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहपुर

पथरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अजब धाम फतेहपुर में अजब श्री सेवा समिति द्वारा संचालित गौशाला में आग लगने की दुखद घटना सामने आई है। घटना शनिवार रात की है । आगजनी की इस घटना में गौशाला की गोदाम में रखा 230 ट्रक भूसा जलकर खाक हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि आग 11 केवीं शॉर्ट सर्किट से लगी है। वहीं स्थानीय लोगों ने आग बुझाने के लिए स्थाई उपकरणों से आग बुझाने का प्रयास किया जब तक आग़ ने ज्वालामुखी रूप ले लिया। गोदाम में रखा सारा भूसा जलकर राख हो गया। थोड़ी देर से दमकल की गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया ईश्वर की कृपा से सभी गौ माताएं सुरक्षित है।

### बिजली गुल होने से लोग होते रहे परेशान

आगजनी की वजह से फतेहपुर ग्राम में बिजली बंद हो गई । रविवार को भी बिजली न होने से ग्रामवासी परेशान होते रहे।

## 1700 से अधिक जोडे परिणय सत्र में बंधे, दिखी अव्यवस्थायें

**दमोह।** तेन्दूखेड़ा में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह-निकाह कार्यक्रम में 6 वां मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह-निकाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान लगभग 1700 जोड़े विवाह बंधन में बंधे हैं। वर-वधु के लिये 49-49 हजार रूपये की राशि के चैक वितरित किये गये । सामूहिक विवाह-निकाह कार्यक्रम में जहां नये जोड़ो ने पूरे विधि विधान से रस्में पूरी की तो वहीं जनप्रतिनिधियों ने भी शासन की इस योजना की उपलब्धियां गिनाई। आयोजन के दौरान कई वर वधु परेशान होते नजर आये। उनके परिजन भी व्यवस्थाओं से नाखुश दिखे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व मंत्री दशरथ सिंह लोधी, अशोक पटैल, जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, भाव सिंह लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश चंद जैन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनीता सिंह, नर्मदा सिंह एकता ठाकुर, नीतू साहू, रश्मि साहू, डॉ परम सिंह, सत्यपाल सिंह, संजय यादव, मनदीप यादव, जय सिंह कड़ोप्पा, नर्मदा राय, रजनी साहू, राहुल जैन, एसडीएम सौरभ गंधर्व, सीईओ जनपद पंचायत मनीष बागरी, तहसीलदार डॉ.विवेक व्यास सहित बड़ी संख्यसा में वर-वधु के परिजन तथा जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और सम्मानीय मीडियाजन, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# हिण्डोरिया पुलिस ने 13 पेटी अवैध शराब पकडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



हिण्डोरिया थाना पुलिस ने अवैध शराब पकडने की कार्यवाही की है। थाना प्रभारी हिण्डोरिया व उनकी टीम ने 13 पेटी अवैध शराब कीमती 83,000/- रुपये एवं एक स्विफ्ट कार कीमती 5,00,000/- रुपये की जब्ती की कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी दमोह के निर्देशन एवं अति.पु. अधी. महोदय संदीप मिश्रा एवं एसडीओपी महोदय पथरिया रघुकेशरी के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी हिण्डोरिया के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा थाना हिण्डोरिया के अप०क्रमांक 191/25 धारा 34(2) आध, एक्ट के आरोपी शिवम लोधी पिता वकील लोधी उम्र 21 साल निवासी ग्राम बेला थाना पटेरा जिला दमोह के कब्जे से बॉदकपुर रोड मुनीम ढाबा के सामने हिण्डोरिया में कार क्र. MP34CA3993 में रखी 13 पेटी अवैध शराब जप्ती कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जाता है। अधिकारियो एवं कर्मचारियो के नाम थाना प्रभारी हिण्डोरिया धर्मन्द्र गुर्जर, सउनि, गर्जन सिंह, प्र. आर. अभिषेक चौबे, प्र.आर. प्रदीप जोशी, आरक्षक वीरसींग, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह लोधी, आरक्षक महेन्द्र कुमार की विशेष भूमिका रही है।

**17 छात्र अनुपस्थित रहे...**

# दो केन्द्रों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई नीट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा आज 04 मई को दमोह जिला मुख्यालय स्थित दो केन्द्रों में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा में 1152 विद्यार्थियों में से 1135 विद्यार्थी उपस्थित हुए। इस दौरान 17 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय स्थित केंद्र में 13 और उत्कृष्ट विद्यालय में 04 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस आशय की जानकारी नोडल अधिकारी एवं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कलेक्टर सर के निर्देश पर छात्रों के परिजनों के लिए कैंपस के बाहर छांह की व्यवस्था की गई थी।

### कदम संस्था ने रोपा 998 वां

**दमोह।** पौधा विश्व शांति के लिए चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के तहत आज कदम संस्था ने ठीक 10:00 बजे जिला आयुष चिकित्सालय में 998 वां पौधा रोपण किया जिसमें जबलपुर नाका चौकी प्रभारी आनंद कुमार, आजम खान, विवेक सेन ने अपना जन्मदिन एवं सरला चंद्र मोहन सोनी,शिवांगी योगेश पांडे ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ कदम संस्था के साथ पौधा रोपकर मनाई संस्था। संस्था प्रमुख दीपक सेन ने 25 मई को होने वाले में 1000 वें पौधारोपण के विषय में लोगों को जानकारी दी। सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। विशेष उपस्थिति भावना उमरे,अर्चना नेमा,वंदना नेमा,राधेश्याम नेमा,प्रभात जैन,तरुण चौधरी,दिग्विजय सेन,प्रवर पांडे,प्रदीप अठया की विशेष उपस्थिति रही।

# जल निगम मिशन की खामोशी चर्चाओं में

**पाईप लाइन बिछने व सभी औपचारिकतायें पूरी करने के बाद भी मधुबन कालोनी वासियों को नही मिल रहा पेयजल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर की सबसे अच्छी लोकेशन में विजय नगर के बाजू में बनी मधुबन होम्स कालोनी में जल निगम की बेरूखी से कालोनी वासियों को पाइप लाइन बिछने के एक वर्ष बाद भी पेयजल नसीब नहीं हो रहा है। इस संबंध में कालोनीवासियों ने ग्राम पंचायत हिरदेपुर जल निगम मिशन व कलेक्टर को एक आवेदन पत्र देकर शीघ्र पेयजल प्रदान करने की गुहार लगाई है। मौसम को देखते हुये यहां बोरवेल सूख गये है व अन्य कोई संसाधन न होने से टैंकरों से पानी खरीदकर अपने प्यासे कंठो को तर करना पड रहा है। कालोनी वासियों ने बताया कि दो वर्ष पूर्व तत्कालीन विधायक अजय टंडन ने अपनी निधि से पाईप लाइन बिछाने राशि मुहैया कराई थी। ग्राम पंचायत ने पाईप लाइन बिछाने के बाद नल कनेक्शन करने व औपचारिकता पूरी करने के बाद जल निगम से यहां पानी प्रदाय नहीं करा पा रही है। कालोनी वासी पानी के लिये परेशान है। बार बार निवेदन के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। शीघ्र यहां पानी प्रदाय न होने पर कालोनीवासियों को अप्रिय निर्णय लेने बाध्य होना पडेगा। इस संबंध में जल निगम प्रबंधक का फोन रिसीव नहीं हुआ। शीघ्र व्यवस्था की मांग की गई है।

# जल निगम के अधिकारी अनजान पाइप लाइन में नहीं आया पानी

**कई टंकिया भरकर हो गई ओवरफ्लो, घटेरा टंकी रह गई खाली**

**कमियों को छिपाने अधिकारी बता रहे अज्ञात तत्वों की हरकत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जल जीवन मिशन योजना ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल समस्या को हल करने के लिए चलाई गई थी। जिससे ग्रामीणों को नियमित पानी मिल सके और जल संकट के हालात निर्मित ना हो। लेकिन जबेरा जनपद के ग्राम नोहटा से घटेरा तक जल जीवन मिशन योजना की आखरी छोर में बनी टंकियों में अधिकारीयो की लापरवाही के कारण कई टंकिया प्रतिदिन भर कर ओवर फ्लो हो जाती है तो कई ग्रामों की टंकियों में एक दो दिन के अंतराल से पानी पहुंच पा रहा है। जिससे गर्मी के इस मौसम में योजना के लाभ से ग्रामीण वंचित है। जल जीवन मिशन के तहत गांव गांव मे बनाई गई पानी की टंकी सीधे घर मे नल कनेक्शन के माध्यम से घर घर पानी पहुंचाने पाइप लाइन बिछाई गई है। परंतु नोहटा से घटेरा जल जीवन मिशन योजना के अधिकारीयों द्वारा ग्रामीणों की समस्या को नजर अंदाज किया जा रहा है। अधिकारियों ने पेट्रोलिंग कर्मचारी को खुली छूट दे रखी है जिससे मनमर्जी से टंकिया भरवाई जा रही है। जिस कारण कई टंकीया पानी भरने के बाद ओवर फ्लो होने से बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह जाता है। तो कई टंकियों में पानी नही पहुंचने के कारण ग्रामीण को पानी नही मिल पा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार शनिवार की दोपहर से मौसम ने अचानक करवट बदली जिससे जल जीवन मिशन के प्लांट क्षेत्र में और तेज आंधी के साथ बारिश एवम ओले भी गिरे। जिसके कारण मिशन के अधिकारियों द्वारा एमपी आर प्लांट को बंद कर दिया गया। लेकिन वही शनिवार रविवार की रात्रि में ही कई टंकियों में पानी पहुंचा और टंकिया ओवर फ्लो हो गई। जिससे सैकड़ों लीटर पानी बह गया जबकि आगे की टंकियों में पानी नही पहुंचा और खाली पड़ी रही। जब इस मामले की जानकारी रविवार को जुटाई गई तो शनिवार की शाम को प्लांट बंद होने की सूचना जारी की गई थी। लेकिन प्लांट चालू हुआ और नोहटा, घटेरा जल निगम की पाइप लाइन में पानी सप्लाई किया गया। प्लांट बंद की सूचना देने से टंकियों पर आपरेटर नही पहुंचे जिससे टंकिया ओवर फ्लो होकर पानी बह गया। बड़ी ही विडंबना है कि अधिकारियों को घटेरा से नोहटा जल मिशन की पाइप लाइन में पानी आने की जानकारी नही होगी या फिर किसी बड़ी लापरवाही को छिपाने के लिए बताया जा रहा है कि अज्ञात तत्वों के द्वारा नोहटा से घटेरा की पाइप लाइन को चालू कर दिया गया।

जल जीवन मिशन योजना से जुड़े अधिकारी कर्मचारी नोहटा से घटेरा पाइप लाइन से कभी अज्ञात तत्वों के द्वारा पाइप लाइन से छेड़छाड़ करने की बात कहते हुए बाल बंद करने की बात कही जाती है। जिससे टंकियों में पानी नही पहुंचता तो वही शनिवार रविवार की रात्रि में अज्ञात तत्व इतने मेहवान हुए की मुख्य पाईं लाइन को खोल दिया जिससे टंकिया भरकर ओवर फ्लो हो गई। ओर आपरेटर सोते ही रह गए।

सबसे आखरी छोर की घटेरा पंचायत मुख्यालय में बनी जल जीवन मिशन योजना की टंकी को एक रात्रि में भरा जाता है तो उसके बाद एक दो दिन पानी नही पहुंचने दिया जाता है क्यों गोलापट्टी पंचायत के ग्राम खेड़ार में बनी टंकी से बाई पास पानी सप्लाई किया जाता है । वही टीआई खेडार तिराहे से पाइप लाइन की बाल को बंद कराकर बाई पास सप्लाई कराई जाती है। खेड़ार तिराहे से बाल खोल कर हरदुआ मानगढ़, मनगवा मानगढ़ की टंकिया भरी जाती है परंतु मनगवा मानगढ़ से घटेरा करीब तीन किमी दूर बनी टंकी में दो से तीन दिन में एक बार भरवाई जाती है जिससे घटेरा चंदपुरा गड़िया के ग्रामीणों को नियमित पीनी नही मिल पा रहा है। जल निगम के अधिकारीयो एवम पेट्रोलिंग कर्मचारी की मिली जुली भगत से बाल को मनमर्जी बंद करने खोलने के कारण घटेरा टंकी में पानी नही पहुंच पाता है। खेडार तिराहे में लगी बाल की चाबी खेडार ग्रामीणों के हाथो में दे रखी है। जब इस संबंध में जल निगम के महा प्रबंधक गौरव सराफ से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन सिरीब नही किया।

# ज्योति कलश रथयात्रा को लेकर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



गायत्री शक्तिपीठ में अखण्ड दीप एवं माता भगवती देवी की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से आने वाली ज्योति कलश रथयात्रा के संदर्भ में गायत्री शक्तिपीठ परिसर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें हटा एवं पटेरा तहसील के 24 ग्रामों के गायत्री परिजनों की सहभागिता रही। इसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर डॉ. विजय सिंह राजपूत प्रबंधक ट्रस्टी ने किया। बीपी गर्ग जिला समन्वयक ने बताया कि आगामी 22 मई से 30 मई तक शांतिकुंज की ज्योति कलश यात्रा का भ्रमण हमारे दमोह जिला में हो रहा है यह यात्रा 22 मई की सायंकाल प्रज्ञापीठ तेवरईया में प्रवेश करेगी जहां पर गाजे बाजे के साथ स्वागत किया जाएगा। दिनेश दुबे ने बताया जन्मशताब्दी वर्ष 2026 तक रथ क्रमांक 5 का भ्रमण मध्यप्रदेश के उपजोन टीकमगढ़ एवं ग्वालियर में अनवरत रूप से चलता रहेगा। जिन गांवों में यह यात्रा पहुंचेगी उन गांवों में पूर्व तैयारी एवं बैठक लेने हेतु प्रभारी नियुक्त किए जायेंगे। वरिष्ठ परिजन डॉ सी एल नेमा ने बताया दमोह जिले में प्रथम चरण की यह यात्रा हटा एवं पटेरा तहसील के 25 ग्रामों तक पहुंचेगी। कार्यशाला में वरिष्ठ परिजन रतन लाल अग्रवाल, तहसील समन्वयक जय प्रकाश नेमा, सुशील सेलट, गिरधर पटेरिया,अनुज गुप्ता, मुन्ना अवधिया, डॉ रूप सिंह राजपूत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। चार घंटे तक चली इस कार्यशाला में भा. स. ज्ञान परीक्षा संयोजक अरुण पटेल, राजाराम सिंह ,करन सिंह राजपूत, दिवाकांत श्रीवास्तव रामकिशोर दुबे, सुदामा पटेल, सुरेन्द्र खरे, रूप नारायण विश्वकर्मा सहित सैकड़ो परिजन उपस्थित रहे। संचालन पं मदन गोपाल दुबे एवं आभार डॉ सीएल नेमा द्वारा व्यक्त किया गया।

# तारण संस्कार शिविर में बच्चे सीख रहे योग ध्यान



**दमोह।** श्री तारण तरण अतिशय तीर्थ क्षेत्र निसई सूखा जी में सात दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन 3 मई से 9 मई तक किया जा रहा है शिविर संयोजक भूपेंद्र जैन ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन जहां ध्वजारोहण कर शिविर की शुरुआत की गई। वहीं प्रतिदिन प्रात 5:00 बजे जागरण के पश्चात सभी बच्चों को योग ध्यान सामायिक की शिक्षा दी जा रही है। शिविर में उपस्थित 225 बच्चे प्रातः की एक आवाज पर जाकर मंदिर प्रांगण के बाहर अनुशासित रूप से योग ध्यान करते है। तत्पश्चात मंदिर विधि के साथ चार वर्ग में विभाजित कक्षाओं में बच्चे पहुंचते हैं और वहां पर उपस्थित विद्वानों के द्वारा बहुत ही सुंदर शिक्षण कार्य सदाचार शिष्टाचार आदि विषय पर किया जा रहा है। तीर्थ के मंत्री के सी जैन ने बताया कि शिविर की संपूर्ण व्यवस्था दान दाताओं के सहयोग से की जाती है यहां सभी व्यवस्था निःशुल्क होती है यह शिविर सात दिन तक आवासीय होता है।